प्रेस विज्ञप्ति

भाषा विश्वविद्यालय के कंप्यूटर साईंस इंजीनियरिंग, एमसीए एवम बीसीए के छात्रों का कैंपस प्लेसमेंट

भाषा विश्विद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल द्वारा कराई गई प्लेसमेंट ड्राइव के अंतर्गत आज *6 विद्यार्थियों का प्लेसमेंट हुआ*। कुलपति प्रो एन बी सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्लेसमेंट ड्राइव में मुख्य भूमिका व्यवसाय प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो सैयद हैदर अली एवं अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय के निदेशक प्रो एस के त्रिवेदी ने निभायी।

इन विद्यार्थियों का चयन यू सर्टिफाई कम्पनी में सब्जेक्ट मैटर एक्सपर्ट के पद पर हुआ है।कम्पनी के एच आर श्री रोहित कुमार एवं श्री प्रवाल शुक्ला ने बीटेक कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग , बीसीए एवं एमसीए विद्यार्थियों का तकनीकी परीक्षण, समूह चर्चा एवम इंटरव्यू लिया, जिसमें बी.टेक कंप्यूटर साइंस से अब्दुल हदी, अलमिन, ज़हरा रिजवी एवं ज़ैद तथा एमसीए से राहत और बीसीए से

दानिश को चयनित किया गया। इन सभी विद्यार्थियों का चयन 4.2 लाख के पैकेज पर हुआ है ।

ड्राइव को आयोजित करने में कंप्यूटर साइंस विभाग के इंचार्ज श्री तसलीम जमाल, श्रीमती शान-ए- फ़ातिमा , डॉ सुमन कुमार मिश्रा एवं श्रीमती साईमा अलीम का विशेष योगदान रहा।

डॉ तनु डंग

मीडिया प्रभारी

केएमसी भाषा विश्वविद्यालय